MSA-01 Serial No. 0154

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अंदर लिखें
अंकों में →
शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**B**

**2007**

**प्रश्न-पुस्तिका**

# GENERAL HINDI

# सामान्य हिन्दी

समय : 2 घंटे

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

पूर्णांक : 50

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्न-पुस्तिका की सिरीज़ की कोडिंग सही-सही करें अन्यथा उत्तर-पत्रक क मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थियों की होगी ।**
5. यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो ऐसा प्रश्न-पुस्तिका पर अथवा उत्तर-पत्रक पर न करें । रफ़ कार्य के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका के साथ अलग से वर्किंगशीट दी जायेगी । यदि आपको अतिरिक्त वर्किंगशीट की आवश्यकता हो तो अन्तरीक्षक (इन्विजिलेटर) से माँग लें । वर्किंगशीट पर वांछित सूचना **अभी भर** लें ।
6. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 आइटम्स (प्रश्न) हैं ।** प्रत्येक आइटम के चार वैकल्पिक उत्तर आइटम के नीचे दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को एच.बी. पेन्सिल (इंक पेन या बॉल प्वाइंट पेन से कदापि नहीं) से पूरा काला कर दें ।
7. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं** । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
9. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें **अभी भर** लें ।
10. जब टेस्ट पूरा कर लें तो अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
11. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर तथा वर्किंगशीट पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

SEAL

## सामान्य हिंदी

1. निम्नलिखित में 'चाँद पर थूकना' मुहावरे का अर्थ कौन सा है ?
   - (a) अच्छे व्यक्ति की निन्दा करना ।
   - (b) अच्छा कार्य करना ।
   - (c) मूर्खतापूर्ण व्यवहार ।
   - (d) सामान्य के साथ असामान्य आचरण ।

2. निम्नलिखित में सही 'कहावत' कौन सी है ?
   - (a) फीकी दूकान ऊँचा पकवान
   - (b) फीका पकवान ऊँची दूकान
   - (c) ऊँची दूकान फीका पकवान
   - (d) फीकी दूकान फीका पकवान

3. निम्नलिखित में शृंगार रस का स्थायी भाव कौन सा है ?
   - (a) भय
   - (b) रति
   - (c) शोक
   - (d) उत्साह

4. संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गई है ?
   - (a) 30
   - (b) 31
   - (c) 32
   - (d) 33

5. 'तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए' पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
   - (a) यमक
   - (b) अनुप्रास
   - (c) उपमा
   - (d) श्लेष

6. 'पीपर पात सरिस मन डोला' में 'पीपर पात' क्या है ?
   - (a) उपमान
   - (b) उपमेय
   - (c) वाचक
   - (d) साधारण धर्म

7. 'चौपाई' कितनी मात्राओं का छंद है ?
   - (a) बारह
   - (b) चौदह
   - (c) सोलह
   - (d) चौबीस

8. निम्नलिखित में ज्ञानमार्गी शाखा का कवि कौन है ?

(a) तुलसीदास (b) सूरदास

(c) कबीरदास (d) जायसी

9. निम्नलिखित में भक्ति काल का कवि कौन सा नहीं है ?

(a) कबीरदास (b) जायसी

(c) मीरा (d) दिनकर

10. निम्नलिखित में छायावादी कवि कौन सा नहीं है ?

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (b) महादेवी वर्मा

(c) जयशंकर प्रसाद (d) बिहारी लाल

11. निम्नलिखित में कौन सा कवि उत्तराखंड से संबंधित है ?

(a) सुमित्रानंदन पंत (b) जयशंकर प्रसाद

(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) तुलसीदास

12. जायसी किस शाखा के कवि हैं ?

(a) ज्ञानाश्रयी (b) प्रयोगवादी

(c) प्रेममार्गी (d) रामभक्ति

13. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रकवि माना जाता है ?

(a) रामकुमार वर्मा (b) मैथिलीशरण गुप्त

(c) अज्ञेय (d) श्रीकांत वर्मा

14. 'चिंतामणि' किसके निबंधों का संग्रह है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(c) महावीरप्रसाद द्विवेदी (d) कुबेरनाथ राय

15. 'अंधेर नगरी' किसकी रचना है ?

(a) मोहन राकेश
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सेठ गोविंद दास
(d) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

16. 'रामचरितमानस' में कितने कांड हैं ?

(a) पाँच
(b) छह
(c) सात
(d) आठ

17. 'गोदान' किसकी रचना है ?

(a) प्रेमचंद
(b) भीष्म साहनी
(c) कमलेश्वर
(d) अमृतलाल नागर

18. खड़ी बोली हिंदी का प्रथम महाकाव्य कौन सा है ?

(a) कामायनी
(b) उर्वशी
(c) प्रिय प्रवास
(d) पद्‌मावत

19. 'मैला आँचल' किस विधा की रचना है ?

(a) नाटक
(b) संस्मरण
(c) उपन्यास
(d) आत्मकथा

20. निम्नलिखित में 'कामायनी' के रचनाकार कौन हैं ?

(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) महादेवी वर्मा
(d) जयशंकर प्रसाद

21. सरदार पूर्णसिंह निम्नलिखित में क्या थे ?

(a) नाटककार
(b) निबंधकार
(c) कहानीकार
(d) उपन्यासकार

22. किस कवि को 'महाप्राण' कहा जाता है ?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) कबीरदास
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(d) मैथिलीशरण गुप्त

23. 'सूरदास' के गुरु कौन थे ?

(a) बल्लभाचार्य
(b) विट्ठलनाथ
(c) गोकुलनाथ
(d) स्वामी हरिदास

24. 'रत्नावली' किसकी पत्नी थीं ?

(a) सूरदास
(b) रहीमदास
(c) केशवदास
(d) तुलसीदास

25. 'आधुनिक युग की मीरा' किसे कहा गया है ?

(a) सुभद्राकुमारी चौहान
(b) महादेवी वर्मा
(c) स्नेहमयी चौधरी
(d) कीर्ति जैन

26. निम्नलिखित में से कौन कवि नहीं है ?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) प्रेमचंद
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(d) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

27. 'गागर में सागर' उक्ति किस कवि के लिए प्रसिद्ध है ?

(a) घनानंद
(b) केशव
(c) बिहारी
(d) भूषण

28. 'अज्ञेय' किस साहित्यकार का उपनाम है ?

(a) श्रीकांत वर्मा
(b) जैनेन्द्र
(c) माखनलाल चतुर्वेदी
(d) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन

29. निम्नलिखित में 'सूरसागर' की भाषा कौन सी है ?

(a) ब्रज
(b) अवधी
(c) भोजपुरी
(d) खड़ी बोली

30. निम्नलिखित में कौन सा कवि रीतिकाल का नहीं है ?

(a) बिहारी
(b) घनानंद
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) केशवदास

31. महादेवी वर्मा का संबंध किस वाद से है ?

(a) प्रगतिवाद
(b) छायावाद
(c) प्रयोगवाद
(d) नकेनवाद

32. 'मसि कागद छुयौ नहीं, कलम गही नहिं हाथ' पंक्ति किसने लिखी है ?

(a) सूरदास
(b) तुलसीदास
(c) कबीरदास
(d) रहीम

33. 'वीणा वादिनी वर दे' पंक्ति किसने लिखी है ?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) रामनरेश त्रिपाठी
(d) महादेवी वर्मा

34. 'मैया, मैं नहिं माखन खायौ' पंक्ति किसने लिखी है ?

(a) सूरदास
(b) रैदास
(c) तुलसीदास
(d) नंददास

35. "मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक ।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाएँ वीर अनेक ।"
– इन पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(c) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(d) माखनलाल चतुर्वेदी

36. "अस्थि चर्ममय देह मम, तामें ऐसी प्रीति ।
होती जौ रघुनायकहु, होती ना भव भीति ।।" – किसका कथन है ?

(a) मीरा
(b) रत्नावली
(c) सूरदास
(d) तुलसीदास

37. 'तोड़ती पत्थर' कविता किसकी है ?

(a) महादेवी वर्मा
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(d) अज्ञेय

38. 'पूस की रात' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(a) रवीन्द्र कालिया
(b) दूधनाथ सिंह
(c) ज्ञानरंजन
(d) प्रेमचंद

39. धर्मवीर भारती किस पत्रिका के सम्पादक थे ?

(a) 'साप्ताहिक हिन्दुस्तान'
(b) 'धर्मयुग'
(c) 'दिनमान'
(d) 'सारिका'

40. निम्नलिखित में मनोहर श्याम जोशी द्वारा लिखित उपन्यास कौन सा है ?

(a) 'कसप'
(b) 'लेकिन दरवाज़ा'
(c) 'मुझे चाँद चाहिए'
(d) 'गुनाहों का देवता'

41. 'मजदूरी और प्रेम' के लेखक कौन हैं ?

(a) सरदार पूर्णसिंह
(b) रामचंद्र शुक्ल
(c) नगेंद्र
(d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

42. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(a) प्रेमचंद
(b) सुदर्शन
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) जैनेन्द्र

43. 'कुटज' के लेखक कौन हैं ?

(a) श्यामसुंदर दास
(b) अध्यापक पूर्णसिंह
(c) विद्यानिवास मिश्र
(d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

44. 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक का क्या नाम है ?

(a) सदासुख लाल (b) इंशाअल्ला खाँ

(c) अब्दुल्ला खाँ (d) सदल मिश्र

45. 'होरी' किस उपन्यास का नायक है ?

(a) त्यागपत्र (b) कचनार

(c) गोदान (d) गबन

46. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(a) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' (b) किशोरीलाल गोस्वामी

(c) माधवप्रसाद मिश्र (d) जयशंकर प्रसाद

47. 'बिन गोपाल बैरिन भई कुंजै' किस कवि की पंक्ति है ?

(a) रसखान (b) घनानंद

(c) सूरदास (d) मीरा

48. हिंदी का पहला समाचार-पत्र कौन सा है ?

(a) अभ्युदय (b) बंगदूत

(c) हिंदी प्रदीप (d) उदन्त मार्तंड

49. 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम संपादक का नाम क्या है ?

(a) बालकृष्ण भट्ट (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(c) प्रताप नारायण मिश्र (d) श्यामसुंदर दास

50. प्रेमचंद किस पत्रिका के संपादक थे ?

(a) 'हंस' (b) 'सरस्वती'

(c) 'धर्मयुग' (d) 'वामा'

51. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) आर्शीवाद (b) आर्शिवाद

(c) आशीर्वाद (d) आशिर्वाद

52. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) कवयित्री (b) कवित्री

(c) कवियत्री (d) कवियित्री

53. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) उच्चारड (b) उच्चारढ़

(c) उच्चारड़ (d) उच्चारण

54. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) क्लेष (b) क्लेस

(c) क्लेश (d) कलेस

55. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) दौरना (b) अतिथि

(c) नीरज (d) पंकज

56. निम्नलिखित में से 'कंकाल' शब्द का अर्थ कौन सा है ?

(a) एक शहर का नाम (b) हड्डियों का ढाँचा

(c) अकिंचन (d) कंगाल

57. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'गणेश' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) लंबोदर (b) गजानन

(c) गणपति (d) गोपाल

58. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'वायु' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) अनिल (b) अनल

(c) पवन (d) समीर

59. निम्नलिखित में से 'शाखामृग' का पर्यायवाची कौन सा है ?

(a) बन्दर (b) हिरण

(c) भ्रमर (d) तोता

60. निम्नलिखित में से 'चाँद' का पर्यायवाची कौन सा है ?

(a) दिनेश (b) नरेश

(c) राकेश (d) महेश

61. निम्नलिखित में से 'अर्जुन' का पर्यायवाची कौन सा शब्द नहीं है ?

(a) कौन्तेय (b) पार्थ

(c) नारायण (d) धनंजय

62. निम्नलिखित में से 'जल' का पर्यायवाची कौन सा शब्द नहीं है ?

(a) अनिल (b) नीर

(c) पानी (d) सलिल

63. निम्नलिखित में से 'अग्रज' शब्द का विलोम कौन सा है ?

(a) आत्मज (b) जलज

(c) सहज (d) अनुज

64. निम्नलिखित में से 'सम्मान' शब्द का विलोम कौन सा है ?

(a) मान (b) अपमान

(c) स्वाभिमान (d) असमान

65. निम्नलिखित में से 'विलोम' शब्द का अर्थ कौन सा है ?

(a) सीधा
(b) सामने
(c) आड़ा
(d) उलटा

66. हिंदी में 'वचन' कितने हैं ?

(a) दो
(b) तीन
(c) चार
(d) पाँच

67. 'शब्द-शक्ति' कितने प्रकार की होती है ?

(a) दो
(b) तीन
(c) पाँच
(d) सात

68. 'उपसर्ग' शब्द में कहाँ लगता है ?

(a) अंत में
(b) मध्य में
(c) प्रारंभ में
(d) कहीं नहीं

69. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है ?

(a) निर्दयी
(b) पाठशाला
(c) निरंकुश
(d) अनावश्यक

70. किस शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग नहीं है ?

(a) लता
(b) समता
(c) मूर्खता
(d) निर्ममता

71. निम्नलिखित में से 'रमेश' का सही संधि-विच्छेद कौन सा है ?

(a) रम + ईश
(b) रमे + ईश
(c) रमे + श
(d) रमा + ईश

72. 'विद्यालय' में किस संधि की योजना है ?

(a) स्वर संधि
(b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि
(d) कोई नहीं

73. निम्नलिखित में से 'उद्योग' का सही संधि-विच्छेद कौन सा है ?

(a) उद् + योग
(b) उ + द्योग
(c) उत् + योग
(d) उदि + योग

74. निम्नलिखित में से 'स्वागत' का सही संधि-विच्छेद कौन सा है ?

(a) स्व + आगत
(b) सु + आगत
(c) स्वा + गत
(d) स्वाग + त

75. निम्नलिखित में से 'यथाशक्ति' में कौन सा समास है ?

(a) द्विगु
(b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय
(d) द्वंद्व

76. निम्नलिखित में से 'तत्पुरुष समास' का उदाहरण कौन सा है ?

(a) लाल-पीला
(b) पंचवटी
(c) पीतांबर
(d) राजकुमार

77. निम्नलिखित में से 'शताब्दी' में कौन सा समास है ?

(a) द्विगु
(b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय
(d) अव्ययीभाव

78. निम्नलिखित में से 'माता-पिता' में कौन सा समास है ?

(a) द्विगु
(b) द्वंद्व
(c) बहुव्रीहि
(d) कर्मधारय

79. 'संज्ञा' के कुल कितने भेद हैं ?

(a) तीन
(b) दो
(c) पाँच
(d) चार

80. प्रयोग की दृष्टि से 'सर्वनाम' के कितने भेद हैं ?

(a) आठ (b) पाँच

(c) चार (d) छ:

81. 'काल' के कितने भेद होते हैं ?

(a) तीन (b) पाँच

(c) दो (d) चार

82. निम्नलिखित में 'अर्ध विराम' कौन सा है ?

(a) । (b) ( )

(c) , (d) ;

83. 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं' वाक्य में 'पेड़ से' पद में किस कारक का प्रयोग हुआ है ?

(a) कर्त्ता (b) करण

(c) अपादान (d) सम्बन्ध

84. निम्नलिखित में 'संप्रदान' विभक्ति का चिह्न कौन सा है ?

(a) के लिए (b) का के की

(c) पर (d) से

85. 'लड़का' और 'दादा' शब्दों के लिंग-परिवर्तन में किस प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है ?

(a) इया (b) ई

(c) नी (d) आनी

86. निम्नलिखित में 'भाववाचक संज्ञा' कौन सी है ?

(a) संतान (b) देशप्रेम

(c) वीर (d) वीरता

87. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'स्त्रीलिंग' नहीं है ?

(a) नदी
(b) हवा
(c) सजा
(d) पराठा

88. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'विशेषण' है ?

(a) सीता
(b) हमारा
(c) नीला
(d) रोना

89. संस्कृत शब्दों के हिंदी में परिवर्तित रूप को क्या कहते हैं ?

(a) तद्भव शब्द
(b) तत्सम शब्द
(c) देशज शब्द
(d) संकर शब्द

90. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'तद्भव' है ?

(a) प्रांगण
(b) बच्चा
(c) उत्पादन
(d) कष्ट

91. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'देशज' है ?

(a) अफ़सर
(b) आफ़त
(c) वत्स
(d) लोटा

92. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'तत्सम' है ?

(a) मध्य
(b) कैंची
(c) इंजन
(d) तोप

93. निम्नलिखित में 'जहाँ पहुँचना कठिन हो' के लिए एक शब्द कौन सा है ?

(a) दुर्लभ
(b) दुर्जेय
(c) दुर्गम
(d) दुर्भेद्य

94. 'जिसने राष्ट्र के हित में अपने प्राणों का बलिदान कर दिया हो' उसे क्या कहते हैं ?

(a) देशभक्त (b) शहीद

(c) राष्ट्रभक्त (d) सेनानी

95. 'अनुचित बात के लिए आग्रह करनेवाले' के लिए एक शब्द कौन सा है ?

(a) धृष्ट (b) हठी

(c) हठयोगी (d) दुराग्रही

96. 'हिंदी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है ?

(a) 26 जनवरी (b) 15 अगस्त

(c) 14 सितंबर (d) 2 अक्टूबर

97. निम्नलिखित में 'पूर्वी हिंदी' की बोली कौन सी नहीं है ?

(a) कौरवी (b) अवधी

(c) छत्तीसगढ़ी (d) बघेली

98. निम्नलिखित में उत्तराखंड की राजभाषा कौन सी है ?

(a) गढ़वाली (b) हिंदी

(c) कुँमाऊनी (d) अंग्रेजी

99. निम्नलिखित में 'शुद्ध वाक्य' कौन सा है ?

(a) आज रविवार का दिन है ।

(b) वह अनेकों लोगों से मिल कर आ रहा है ।

(c) अपनी स्वेच्छा से जाना है तो जाइये ।

(d) चार आदमियों ने हरिद्वार की यात्रा की ।

100. निम्नलिखित में 'मिश्र वाक्य' कौन सा है ?

(a) रमेश और मनोहर कल घर जा रहे हैं ।

(b) वह कौन सा भारतीय है जिसने महात्मा गाँधी का नाम न सुना हो ।

(c) माँ अपने बच्चे को दूध पिला रही थी ।

(d) नृपेन्द्र को परिश्रम करने का फल प्राप्त हुआ ।